दैनिक
# न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, रविवार 27 अगस्त 2023

www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### स्टार सेरेमनी : सीनियर स्टेनोग्राफर के पद पर प्रमोट हुए एसपी स्टेनो अशोक देवांगन



**रायगढ़।** पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा 21 अगस्त 2023 को राज्य के 9 कनिष्ठ शीघ्र लेखक/सूबेदार(एम) को वरिष्ठ शीघ्र लेखक (Senior Steno) के पद पर पदोन्नति योग्यता सूची जारी किया गया है। पदोन्नति प्राप्त करने वालों में जिले के एसपी स्टेनो अशोक कुमार देवांगन, जिला पुलिस बल रायगढ़ भी शामिल है। पुलिस मुख्यालय के आदेश के पालन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेव द्वारा अशोक कुमार देवांगन के कंधों पर स्टार लगाकर उन्हें पदोन्नति की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। अशोक देवांगन काफी समय से पुलिस कार्यालय रायगढ़ में अपने उत्तरदायित्व के अनुरूप दक्षता एवं निष्ठा पूर्ण ईमानदारी से शासकीय कार्यों का निष्पादन किया जा रहा है, अफसर उनके कार्य कुशलता की प्रशंसा करते हैं। उन्हें शुभकामनाएं देने शुभचिंतकों का बधाई देने का तांता लगा है।

### नशे में वाहन चलाते पकड़े गए ट्रेलर ड्राइवर पर कोर्ट से 10,000 रुपए का जुर्माना

**रायगढ़।** यातायात पुलिस रायगढ़ द्वारा सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने प्रतिदिन हाईवे पर वाहन चालकों का ब्रीथ ऐनालाइजर से जांच की जा रही है। इसी क्रम में बीते दिनों वाहन जांच दौरान ट्रेलर क्रमांक सीजी 22 एक्स 6108 के चालक राजेंद्र मनहर पिता गणेश राम मनोहर उम्र 40 साल निवासी चुरेला थाना भटगांव जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ शराब के नशे में वाहन चलाते पकड़ा गया था। वाहन चालक पर यातायात पुलिस द्वारा इस्तगासा धारा 185 एमवी एक्ट के तहत कार्यवाही कर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रायगढ़ के न्यायालय में वाहन चालक को पेश किया गया। न्यायाधीश दीपक कुमार कोसले द्वारा वाहन चालक के कृत्य पर रु. 10,000 का अर्थ दंड से दंडित किया गया है।

### युवती से छेड़खानी के दो आरोपी गिरफ्तार, कोतवाली पुलिस ने भेजा रिमांड पर

**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस ने युवती से छेड़खानी मामले में आज ग्राम कुसमुरा के दो आरोपी (1) गजेंद्र नायक उर्फ अजय पिता ओम कुमार नायक उम्र 27 साल (2) दिलेश्वर राणा उर्फ डिले पिता जीवन लाल राणा उम्र 27 साल दोनों निवासी ग्राम कुसमुरा थाना कोतरारोड़ जिला रायगढ़ को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों के विरूद्ध दिनांक 18.05.2023 को युवती द्वारा थाना कोतवाली में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि दोनों युवक उसे आते जाते छेड़ते हैं। युवती बतायी कि दिनांक 12.05.2023 को पी.डी. कालेज के गेट के पास गजेन्द्र नायक मोबाइल नंबर मांगा, जिसे नंबर देने से मना की तो गजेन्द्र और डोलेश्वर राणा छेड़खानी किये। युवती घर में सलाह मशवीरा कर आवेदन दी जिस पर छेड़खानी का अपराध दर्ज किया गया था। अपराध विवेचना दरम्यान फरार आरोपियों को आज मुखबिर सूचना पर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

# डीआईजी ने अंतर्राज्यीय सीमा पर बने हमीरपुर चेक पोस्ट का किया निरीक्षण, कर्मचारियों को चौकन्ने होकर ड्यूटी के लिए किया प्रेरित

❒ **डीआईजी रामगोपाल गर्ग ने थाना तमनार, घरघोड़ा और पूंजीपथरा का किया आकस्मिक भ्रमण**

रायगढ। उप पुलिस महानिरीक्षक, रायगढ़ रेंज रायगढ़ रामगोपाल गर्ग आज दिनांक 26/08/2023 को आकस्मिक भ्रमण दौरान थाना तमनार, घरघोड़ा और पूंजीपथरा में कर्मचारियों से भेंट कर थाने के कार्यों के संबंध में जानकारी लिया गया। उन्होंने थाना प्रभारियों से थाना क्षेत्र अंतर्गत घटित होने वाले अपराधों की जानकारी लेकर थाने के अपराध जरायम, ग्राम अपराध पुस्तिका तथा लंबित गंभीर प्रकरणों में प्रगति देखा गया तथा चुनाव के संबंध में पोलिंग बूथ, झगडेलू ग्राम इत्यादि की जानकारी लिये। आगामी चुनाव को देखते हुए थाने के पुलिसकर्मियों को इसी अनुरूप चुस्त दुरुस्त होकर शांति व्यवस्था के लिए अधिक से अधिक लघु एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए तथा लगातार क्षेत्र में जन जागरूकता के कार्यक्रम चलाये जाने प्रेरित किया गया। अपने आकस्मिक निरीक्षण दौरान उन्होंने जागरूकता कार्यक्रम साइबर प्रहरी के संबंध में कर्मचारियों को अपने बीट में अधिक से अधिक लोगों को व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ने निर्देशित किया और साइबर अपराधों से बचने के निरंतर संदेश प्रसारित करने कहा गया। उन्होंने आसन्न चुनाव के मद्देनजर थाना प्रभारी को असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने के साथ सामाजिक बुराइयां जुआ सट्टा, अवैध शराब बिक्री करने वाले एवं शराब पीकर वाहन चलाने वाले पर अधिक से अधिक कार्यवाही के दिशा निर्देश दिए तथा कर्मचारियों को ड्यूटी को लेकर अथवा निजी समस्या पर किसी भी समय संपर्क करने कहा गया।



थानों के भ्रमण के पश्चात डीआईजी गर्ग द्वारा छत्तीसगढ़-उड़ीसा सीमा पर स्थित हमीरपुर चेक पोस्ट का निरीक्षण किया गया, जहां उपस्थित कर्मचारियों को आने वाले चुनावों में चेक पोस्ट की सुरक्षा के महत्व को बताते हुए चेक पोस्ट से गुजरने वाले सभी वाहनों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की बारीकी से जांच करने व ड्यूटी में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतने का निर्देश देकर बेहतर ड्यूटी के लिए प्रोत्साहित किया गया। क्षेत्र के भ्रमण दौरान डीआईजी राम गोपाल गर्ग के साथ ट्रैफिक डीएसपी सुशांतो बनर्जी भी उनके साथ थे। गर्ग द्वारा ट्रैफिक डीएसपी को यातायात व्यवस्था दुरुस्त बनाने के आवश्यक निर्देश दिए गए हैं साथ ही उन्होंने मुख्य मार्ग में लगातार वाहन चालकों की जांच एवं कार्यवाही का निर्देश दिया गया है।

## बडमाल और लारा चेक पोस्ट का एडिशनल एसपी और सीएसपी ने किया सरप्राइज चेक

❒ **ड्यूटी पर लगे जवानों को दिये गए आवश्यक निर्देश**



**रायगढ़।** चुनाव के मद्देनजर शहर के सभी प्रमुख चौक चौराहों एवं शहर के बाहर जाने वाले रास्तों पर वाहनों एवं संदिग्धों की जांच के लिए आवश्यक पुलिस बल लगाया गया है। जवानों द्वारा ड्यूटी में किसी प्रकार की कोताही तो नहीं बढ़ती जा रही है जिसे चेक करने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर एडिशनल एसपी संजय महादेव एवं नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय द्वारा आज स्वयं शहर के विभिन्न चेक पॉइंट में लगे जवानों को चेक कर जवानों द्वारा वाहनों एवं व्यक्तियों के किये जा रहे जांच के तौर-तरीके देखे गए और उन्हें चुनाव के परिप्रेक्ष्य में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। शहर के विभिन्न चेक पॉइंट का निरीक्षण के बाद अधिकारीगण द्वारा थाना जूटमिल क्षेत्र अंतर्गत अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट बडमाल एवं थाना पुसौर क्षेत्र अंतर्गत लारा चेक पोस्ट जाकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया और कर्मचारियों को ड्यूटी में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतने के निर्देश दिए गए। इस दौरान थाना प्रभारी चक्रधर नगर निरीक्षक प्रशांत राव अहेर, थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक सीताराम ध्रुव और उनके स्टाफ भी मौजूद रहे।

## मेडिकल स्टोर की सीढ़ियों से टकराई एंबुलेंस, हुआ हादसा चालक की मौत



**रायगढ़ (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में गुरुवार को एंबुलेंस हादसे का शिकार हो गई। अस्पताल से निकलने के बाद एंबुलेंस यहां एक मेडिकल स्टोर्स की सीडियों से टकरा गई। हादसे में एंबुलेंस का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुट गई है। मामला जिले के तमनार थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार तमनार अस्पताल से एक मरीज को लेकर एंबुलेंस चालक कमल दास महंत (35) रवाना हुआ। अभी वह अस्पताल से निकला ही था कि 15-20 कदम की दूरी पर वो पटनायक मेडिकल स्टोर की सीढिय़ों से टकरा गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई। वहीं हादसे की सूचना के बाद मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। ड्राइवर कमल दास महंत हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं एंबुलेंस के सामने का हिस्सा भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

पुलिस ने घायल एंबुलेंस चालक को अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इधर पुलिस की पूछताछ में आसपास के लोगों ने बताया कि अचाकन एंबुलेंस अनबैलेंस हुई और सीडियो से टकरा गई। संभवत: चालक को चक्कर आया और यह हादसा हो गया। वहीं पुलिस को अनुमान है कि चालक को हार्ट अटैक आया होगा जिससे हादसा हुआ। पुलिस ने आसपास के सीसी टीवी फुटेज भी जुटाया है। फिलहाल जांच जारी है।

## मतदाता जागरूकता के लिए जिले के नवाचार 'इंडस्ट्रियल कैप्टन' को मिली भारत निर्वाचन आयोग की सराहना

❒ **स्वीप की प्रदेश स्तरीय प्रदर्शनी में रायगढ़ का स्टॉल रहा आकर्षण का केंद्र**

❒ **भारत निर्वाचन आयोग से आए अधिकारियों ने किया अवलोकन**

❒ **फोटो एग्जीबिशन और थीम बेस्ड प्रदर्शनी ने खींचा लोगों का ध्यान**

❒ **'सतरंगी रायगढ़' के थीम के साथ जिले में चले मतदाता जागरूकता की प्रदर्शनी में दिखी झलक**



**रायगढ़।** आगामी निर्वाचन के मद्देनजर मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत कई गतिविधियां चलाई जा रही हैं। भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव सिंह, आयुक्त द्वय अनूप चंद्र पांडेय व अरुण गोयल सहित भारत निर्वाचन आयोग के सभी प्रमुख अधिकारी 24 से 26 अगस्त तक तीन दिन के छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं। यहां उन्होंने आगामी निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा के साथ स्वीप कार्यक्रम पर आधारित जिलों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। पूरे प्रदेश में स्वीप की उत्कृष्ट गतिविधियां कर रहे 6 जिलों ने यहां प्रदर्शनी लगाई। रायगढ़ जिले की प्रदर्शनी भी इसमें शामिल रही और लोगों के बीच अपने सतरंगी रायगढ़ के थीम आधारित प्रदर्शनी के लिए आकर्षण का केंद्र रही।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में 'विरासत से विकास, हमारा प्रयास' सूत्र के साथ सतरंगी रायगढ़ के थीम पर जिले की प्रदर्शनी आधारित रही। जिसमें रायगढ़ जिले में अब तक हुए कार्यक्रमों की झलक फोटो एग्जिबिशन और शॉर्ट फिल्म के जरिए दिखाया गया। जिले के नवाचार नेवता दुवार दुवार, इंडस्ट्रियल कैप्टन, शुभ कदम स्वागतम, मतदान संगी जैसे कार्यक्रमों को प्रदर्शनी में आकर्षक तरीके से दिखाया गया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव सिंह ने जिले में चल रही एक्टिविटी की जानकारी ली और कहा कि सभी वर्गों के बीच मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

निर्वाचन ने आयोग के रायगढ़ के औद्योगिक क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए किए जा रहे गतिविधि 'इंडस्ट्रिल कैप्टन' की विशेष रूप से सराहना की। इसके साथ ही जिले के हर मतदाता तक पहुंचने के अभियान 'नेवता द्वार द्वार' को भी एक अच्छी पहल बताया और इसके बारे में जानकारी ली। सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव ने जिले के प्रदर्शनी के बारे में अधिकारियों को जानकारी दी।

## चाकूबाजी के मुख्य आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

❒ **आरोपी और उसके साथी ने पान ठेले वाले से बेवजह विवाद कर की थी चाकू से हमला**

**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस ने 2 दिन पहले रामनिवास टॉकीज के पास पान ठेले वाले पर चाकू से हमला करने वाले मुख्य आरोपी अजय सारथी निवासी गंगा नर्सिंग होम के पीछे थाना कोतवाली रायगढ़ को गिरफ्तार कर हत्या के प्रयास की धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायिक निर्माण पर भेजा गया है, आज थाना कोतवाली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोपी की गिरफ्तारी और घटना के कारणों का खुलासा नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय द्वारा किया गया। शहर के व्यस्ततम इलाके पर हुई वारदात को लेकर डीआईजी राम गोपाल गर्ग द्वारा जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को शीघ्र आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए थे। घटना के तत्काल बाद मौके पर एसएसपी एवं एडिशनल एसपी पहुंचे और वस्तुस्थिति से डीआईजी गर्ग को अवगत कारण डीआईजी गर्ग के महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देशन पर आरोपियों की पताशाजी में ड्यूटी टीम को सफलता मिली।

प्रेसवार्ता में नगर पुलिस अधीक्षक बताए कि 23 अगस्त के शाम करीब 6:00 बजे कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रामनिवास टॉकीज पर चाकू बाजी की घटना की सूचना पर वे तत्काल में थाना प्रभारी शनिप रात्रे तथा कोतवाली स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार एवं एडिशनल एसपी संजय महादेव द्वारा घटनास्थल पहुंचकर मौके का निरीक्षण कर अधिकारियों को आरोपियों की पतासाजी गिरफ्तारी के महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए।

घटना को लेकर आहत रौनक श्रीवास (उम्र 22 साल) के बड़े भाई रोहन श्रीवास द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि 23 अगस्त के शाम रामनिवास टॉकीज स्थित उनके पान ठेले में दो अज्ञात युवक आए उसे समय उसका भाई रौनक श्रीवास दुकान में बैठा था, वे लड़के सिगरेट लिए और एक लड़का सामानों को इधर-उधर छू रहा था जिसे मना करने पर एक लड़का उत्तेजित होकर गाली गलौज करने उतारू हो गया और जेब से चाकू निकाल कर रौनक पर ताबड़तोड़ वार कर घायल कर दिया और दोनों भाग गए। घटना को लेकर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध थाना कोतवाली में हत्या का प्रयास का मामला दर्ज किया गया।

नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय बताए कि प्रार्थी और आहत आरोपियों से अंजान थे, कोतवाली पुलिस, साइबर सेल के साथ आसपास के सीसीटीवी फुटेज निकालकर आरोपी की पतासाजी में जुड़ गई। कुछ टीम सीमावर्ती जिलों में संदिग्धों की धर पकड़ के लिए भेजा गया। इसी बीच मुख्य आरोपी के गंगा नर्सिंग होम के पीछे रहने वाले अजय सारथी के रूप में हुई पुलिस अजय सारथी और उसके साथी की सरगर्मी से तलाश कर रही थी कि दिनांक 25/08/2023 को कोतरारोड क्षेत्र में घायल और नशे की अवस्था में अजय सारथी मिला जिसकी पहचान पुख़्ता होने पर पुलिस हिरासत में लेकर थाने लाया गया जिससे घटना में संबंध में कड़ी पूछताछ करने पर उसने अपने एक अन्य साथी के साथ घटना को अंजाम देना बताया है। आरोपी अजय सारथी पूर्व में भी आर्म्स एक्ट के अपराध में जेल जा चुका है नशे का आदी है। उसने आवेश में आकर एकाएक घटना को अंजाम देना बताया है। आरोपियों द्वारा घटना की रात रामनिवास टॉकीज चौक और कोतरारोड क्षेत्र में भी चाकू बाजी की घटना को अंजाम दिए हैं। पुलिस ने आरोपी अजय सारथी पिता स्वर्गीय शंभू सारथी उम्र 25 साल निवासी गंगा नर्सिंग होम के पीछे थाना कोतवाली रायगढ़ से घटना में प्रयुक्त एक चाकू की जप्ती कर हत्या के प्रयास के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी के फरार साथियों की कोतवाली पुलिस सर गर्मी से पता तलाश कर रही है। टीआई शनिप रात्रे के नेतृत्व में प्रकरण के आरोपियों की पतासाजी एवं गिरफ्तारी में कोतवाली पुलिस के साथ साइबर सेल की टीम की हम भूमिका रही है।

## प्लेसमेंट कैम्प : 325 पदों पर होगी भर्ती, जनपद पंचायत सभाकक्ष सारंगढ़ में होगा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

**रायगढ़।** निजी क्षेत्र की रिक्तियों में प्लेसमेंट को बढ़ावा देने के लिए 28 अगस्त 2023 को प्रात: 10 बजे, स्थान-जनपद पंचायत सभाकक्ष सारंगढ़ में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसमें दो नियोजक के माध्यम से लगभग 325 पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक एवं पात्र आवेदक समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते है।

जिला रोजगार अधिकारी, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि मे.वेदांता स्किल स्कूल बालको, कोरबा में वेल्डर एवं फिटर में पुरूष वर्गो के लिए 50-50 पद रिक्त है। जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता 8 एवं 10 वीं उत्तीर्ण जरूरी है। इसी तरह होटल प्रबंधन में 10 वीं उत्तीर्ण महिला एवं पुरूष दोनों वर्ग के लिए 50 पद, सिलाई मशीन ऑपरेटर में 8 वीं उत्तीर्ण महिला एवं पुरूष दोनों वर्ग के लिए 50 पद, इलेक्ट्रीशियन में 10 वीं उत्तीर्ण पुरूष वर्ग के लिए 50 पद एवं सोलर टेक्नीशियन में आईटीआई उत्तीर्ण पुरूष वर्ग के लिए 50 पद रिक्त है।

इसी तरह मे.शिवशक्ति बायो टेक्नोलॉजी लिमिटेड रायपुर में सेल्स ऑफिसर 25 पद रिक्त है। जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता 10 एवं 12 वीं उत्तीर्ण एवं आयु सीमा 22 से 35 वर्ष के बीच है, जिसका कार्यक्षेत्र खरसिया, सक्ती, डभरा, चंद्रपुर है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

# रेल यात्रियों की बढ़ी मुसीबतें : 2 सितंबर से फिर रद्द की गई 22 ट्रेनें

**रायपुर (आरएनएस)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर रेल मंडल के शहडोल-रूपोंद सेक्शन में बधवाबारा रेलवे स्टेशन में तीसरी रेललाइन का विद्युतीकृत का कार्य के लिए नॉन इंटरलोकिंग का कार्य किया जायेगा। इसके चलते जहां 22 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है तो वहीं 2 ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा।

अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत शहडोल-रूपोंद सेक्शन में बधवाबारा रेलवे स्टेशन में तीसरी रेललाइन का विद्युतीकृत का कार्य के लिए नॉन इंटरलोकिंग कार्य किया जाएगा। यहा कार्य दिनांक 02 से 08 सितम्बर, 2023 तक किया जायेगा। इस कार्य के पूर्ण होते ही गाडियों की समयबद्धता एवं गति में तेजी आयेगी।



**रद्द होने वाली गाडियां:-**

01.दिनांक 02 से 08 सितम्बर, 2023 तक बिलासपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 08740 बिलासपुर-शहडोल मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

02.दिनांक 02 से 08 सितम्बर, 2023 तक शहडोल से रवाना होने वाली गाडी संख्या 08739 शहडोल -बिलासपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

03.दिनांक 02 से 08 सितम्बर, 2023 तक चिरिमिरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 08269 चिरिमिरी- चंदिया रोड पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

04. दिनांक 02 से 08 सितम्बर, 2023 तक चंदिया रोड से रवाना होने वाली गाडी संख्या 08270 चंदिया रोड- चिरिमिरी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

05. दिनांक 02 सितम्बर, 2023 तक शालीमार से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22830 शालीमार-भुज बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

06. दिनांक 05 सितम्बर, 2023 तक भुज से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22829 भुज-शालीमार बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

07. दिनांक 31 अगस्त, 2023 एवं 07 सितम्बर, 2023 को वलसाड से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22909 वलसाड-पुरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

08.दिनांक 03 एवं 10 सितम्बर, 2023 को पूरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22910 पूरी-वलसाड एक्सप्रेस रद्द रहेगी

09.दिनांक 02 सितम्बर, 2023 को उदयपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20971 उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

10.दिनांक 03 सितम्बर, 2023 को शालीमार से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20972 शालीमार-उदयपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

11.दिनांक 06 सितम्बर, 2023 को दुर्ग से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20847 दुर्ग-ऊधमपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

12.दिनांक 07 सितम्बर, 2023 को ऊधमपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20848 ऊधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

13.दिनांक 06 सितम्बर, 2023 को सांतरागाछी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20828 सांतरागाछी-जबलपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

14.दिनांक 07 सितम्बर, 2023 को जबलपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20827 जबलपुर-सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

15.दिनांक 01 से 07 सितम्बर, 2023 को रीवा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

16.दिनांक 02 से 08 सितम्बर, 2023 को बिलासपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

17.दिनांक 01 से 07 सितम्बर, 2023 को इंदौर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18233 इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

18.दिनांक 02 से 09 सितम्बर, 2023 को बिलासपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 19. दिनांक 01 से 07 सितम्बर, 2023 को भोपाल से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

20. दिनांक 02 से 08 सितम्बर, 2023 को बिलासपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18236 बिलासपुर- भोपाल एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

21. दिनांक 01 से 07 सितम्बर, 2023 को रीवा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 11751 रीवा-चिरिमिरी एक्सप्रेस कटनी एवं चिरिमिरी के बीच रद्द रहेगी।

22. दिनांक 02 से 08 सितम्बर, 2023 को चिरिमिरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 11752 चिरिमिरी-रीवा एक्सप्रेस चिरिमिरी एवं कटनी के बीच रद्द रहेगी।

**परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाडियां:-**

01. दिनांक 01 से 07 सितम्बर, 2023 को बरौनी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कटनी –जबलपुर –नैनपुर होकर चलेगी।

02. दिनांक 02 से 08 सितम्बर, 2023 को गोंदिया से रवाना होने वाली गाडी संख्या 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग नैनपुर-जबलपुर-कटनी होकर चलेगी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480